RPSC वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) पेपर II सामाजिक विज्ञान 2022

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम में निम्नलिखित में से कौन सा स्थान सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करता है?

(A) झालावाड़ ✓
(B) राजसमन्द
(C) भरतपुर
(D) टोंक

Q.2

डूंगरपुर तथा बाँसवाड़ा में अधिकांशतः है

(A) जिप्सीफेरस मृदा
(B) ग्रे ब्राउन जलोढ़ मृदा
(C) पर्वतीय मृदा
(D) लाल लोम मृदा ✓

Q.3

ए सी सी लिमिटेड की एक सीमेन्ट इकाई है -

(A) गोटन में
(B) लाखेरी में ✓
(C) सिरोही में
(D) चित्तौड़गढ़ में

Q.4

2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान में पुरुष एवं महिला साक्षरता के बीच अंतर लगभग था -

(A) 23.4%
(B) 24.5%
(C) 22%
(D) 27% ✓

Q.5

खर्च-योग्य आय होती है -

(A) जी.डी.पी. - पूँजी उपभोग भत्ता
(B) वैयक्तिक आय का वह हिस्सा जिसका उपभोग एवं बचत के रूप में उपयोग किया जा सकता है। ✓
(C) उत्पादन के साधन की पूर्ति करने वालों का कुल भुगतान
(D) वैयक्तिक आय के लिए प्रयुक्त अन्य शब्द

Q.6

उपभोग फलन दर्शाता है -

(A) उपभोग तथा धन के स्टॉक के बीच धनात्मक सम्बन्ध को

(B) उपभोग तथा खर्च करने योग्य आय के बीच धनात्मक सम्बन्ध को ✓

(C) उपभोग तथा बचत के बीच ऋणात्मक सम्बन्ध को

(D) उपभोग तथा खर्च करने योग्य आय के बीच ऋणात्मक सम्बन्ध को

Q.7

बेलगाम मुद्रास्फीति सम्बन्धित है

(A) एक देश से अन्य देशों के बीच मुद्रास्फीति का फैलना

(B) मुद्रास्फीति की दर में कमी

(C) अत्यधिक मुद्रास्फीति के काल जिसमें दरें 50% प्रतिमाह से अधिक हों। ✓

(D) मुद्रास्फीति की वह अवधि जिसमें कीमतें 25% तक गिरती हुई हों।

Q.8

जब कच्चे माल की लागत में वृद्धि हो जाती, तो अन्य बातें यथावत रहने पर -

(A) पूर्ति वक्र बायीं ओर विवर्तित हो जाता है। ✓

(B) पूर्ति वक्र दायीं ओर विवर्तित हो जाता है।

(C) बाजार कीमत कुछ भी हो पर उत्पादन में वृद्धि हो जाती है तथा पूर्ति वक्र ऊपर की ओर विवर्तित हो जाता है।

(D) उत्पादन में कमी हो जाती है तथा बाजार कीमत में भी कमी हो जाती है।

Q.9

एक वस्तु जिसकी अनेक निकट प्रतिस्थानापन्न हो उसकी

(A) अत्यधिक लोचदार माँग होगी। ✓

(B) कम लोचदार माँग होगी।

(C) इकाई लोचदार माँग होगी।

(D) पूर्णतः बेलोचदार माँग होगी।

Q.10

एक विवेकशील उपभोक्ता, कभी भी किसी वस्तु की एक इकाई का उपभोग नहीं करेगा यदि इसकी -

(A) सीमान्त उपयोगिता ह्रासमान हो।

(B) सीमान्त उपयोगिता औसत उपयोगिता से कम हो।

(C) सीमान्त उपयोगिता वर्धमान हो।

(D) सीमान्त उपयोगिता ऋणात्मक हो। ✓

Q.11

वह स्थिति जब किसी सरकार की कुल बजटीय प्राप्तियां उसके कुल व्यय से कम हो जाती हैं, क्या कहलाती है?

(A) राजस्व अधिशेष

(B) बजट अधिशेष

(C) बजट घाटा ✓

(D) राजकोषीय अधिशेष

Q.12

निम्नलिखित में से कौन सा $M1$ मुद्रा की परिभाषा का हिस्सा नहीं है ?

(A) पेपर करेंसी
(B) सिक्के (coins)
(C) सावधि जमा ✓
(D) चैक जारी करने तथा डेबिट करने योग्य खाते

Q.13

जमा मुद्रा गुणक 5 होगा जब

(A) नकद कोष-अनुपात 10% होगा ।
(B) नकद कोष अनुपात 20% होगा । ✓
(C) नकद कोष अनुपात 50% होगा ।
(D) अतिरिक्त रिजर्व 500% बढ़ता है ।

Q.14

यदि अर्थव्यवस्था अपने आर्थिक संसाधनों का अल्प-उपयोग कर रही है तो केन्द्रीय बैंक को करना चाहिए

(A) विनियोग खर्च को हतोत्साहित
(B) समग्र माँग को बढ़ाने के लिए मुद्रा पूर्ति में वृद्धि ✓
(C) मुद्रा की पूर्ति में कमी
(D) समग्र माँग में कमी करने हेतु मुद्रा की पूर्ति में कमी

Q.15

प्रतिदर्श में जो अवलोकन सर्वाधिक बार आता है वह है -

(A) बहुलक ✓
(B) मध्यका
(C) समान्तर माध्य
(D) प्रमाप विचलन

Q.16

13 संख्याओं का माध्य 24 है। यदि प्रत्येक संख्या में 3 जोड़ तो नया माध्य होगा-

(A) 24
(B) 21
(C) 27 ✓
(D) 25

Q.17

यदि बहुलक तथा माध्य क्रमशः 30 तथा 35 दिये हुए हैं तो मध्यका को ज्ञात कीजिये ।

(A) 32
(B) 19
(C) 33.33 ✓
(D) 75

Q.18

भौतिक गुणवत्ता जीवन सूचकांक (पी.क्यू.एल.आई.) निम्न में से किसके द्वारा प्रतिपादित की गई अवधारणा है ?

(A) जोसेफ स्टिग्लिट्ज़
(B) अमर्त्य के. सेन
(C) एम.डी. मौरिस ✓
(D) पॉल ए. सैमुल्सन

Q.19

कौशल विकास एवं उद्यमिता की राष्ट्रीय नीति किस वर्ष में प्रारम्भ की गई ?

(A) 2014
(B) 2015 ✓
(C) 2016
(D) 2017

Q.20

निम्नलिखित में से किसके द्वारा मानव विकास रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है ?

(A) विश्व बैंक
(B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) विश्व आर्थिक फोरम
(D) यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम ✓

Q.21

संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा कब संधारणीय विकास लक्ष्य अपनाये गये थे ?

(A) 2014
(B) 2015 ✓
(C) 2012
(D) 2013

Q.22

नीति आयोग द्वारा जारी किये गये "इण्डिया इनोवेशन इण्डेक्स 2021" में राजस्थान का स्थान कौन सा है ?

(A) 10वाँ
(B) 11वाँ
(C) 12वाँ ✓
(D) 13वाँ

Q.23

निम्नांकित में से किसे हरित लेखांकन भी कहा जाता है ?

(A) निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व
(B) फोरेंसिक लेखांकन
(C) पर्यावरण लेखांकन ✓
(D) निगम लेखांकन

Q.24

निम्नलिखित में से न्याय का हकदारी सिद्धान्त किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया ?

(A) जॉन रॉल्स
(B) रॉबर्ट नॉजिक ✓
(C) प्लेटो
(D) अरस्तू

Q.25

निम्नांकित में से कौन से सत्ता के प्रकार का उल्लेख मैक्स वेबर ने नहीं किया ?

(A) विवेकसम्मत-विधिक
(B) परम्परागत
(C) करिश्मावादी
(D) संवैधानिक ✓

Q.26

नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सुमेल कीजिए :

(पुस्तक)	(लेखक)
A. ऑन लिबर्टी	i. ईजाया बर्लिन
B. टू कॉन्सेप्ट्स ऑफ लिबर्टी	ii. एफ.ए. हायेक
C. अनार्की, स्टेट एंड यूटोपिया	iii. रॉबर्ट नॉजिक
D. द रोड टू सर्फडम	iv. जॉन स्टुअर्ट मिल

कूट :

	A	B	C	D
	:—	:—	:—	:—

(A) iv ii i iii
(B) iv i iii ii ✓
(C) ii i iv iii
(D) iv iii ii i

Q.27

निम्नांकित में से कौन सी राजनीतिक विज्ञान के आधुनिक परिप्रेक्ष्य की विशेषता नहीं है ?

(A) आनुभविक अध्ययन
(B) तथ्यों पर आधारित
(C) संस्थाओं का अध्ययन ✓
(D) व्यवहार का अध्ययन

Q.28

निम्नलिखित में से कौन सा विचारक 'पॉलिटिक्स : हू गेट्स वॉट, व्हेन, हाऊ' का लेखक है ?

(A) अब्राहम कैपलन
(B) हैरॉल्ड लासवेल ✓
(C) डेविड ईस्टन
(D) जॉर्ज केटलिन

Q.29

"अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई. को एतद्वारा इस संविधान को . करते हैं।" संविधान की उद्देशिका में प्रयुक्त शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(A) अंगीकृत, अधिनियमित और परिरक्षित

(B) संरक्षित, प्रतिरक्षित और अधिनियमित

(C) अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित ✓

(D) परिरक्षित, संरक्षित और प्रतिरक्षित

Q.30

निम्नांकित में से किस वाद में 'संघवाद' को भारत के संविधान का मूलभूत ढाँचा घोषित किया गया ?

(A) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य, 1973

(B) एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ, 1994 ✓

(C) मिनर्वा मिल्स लिमिटेड और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य, 1980

(D) सेन्ट्रल कोल फील्डस् लिमिटेड और एनआर बनाम जायसवाल कोल कंपनी और अन्य, 1980

Q.31

निम्नांकित में से कौन सा भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया का भाग नहीं है ?

(A) संविधान के अतिक्रमण के लिये राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाया जा सकता है।

(B) महाभियोग के लिये संकल्प कम से कम 14 दिन की लिखित सूचना दिये जाने के पश्चात् प्रस्तावित किया जाना चाहिये, जो सदन की कुल सदस्य संख्या के कम से कम एक चौथाई सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित हो।

(C) महाभियोग के लिये संकल्प सदन की कुल सदस्य संख्या के कम से कम दो तिहाई बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिये।

(D) राष्ट्रपति पर साबित कदाचार या असमर्थता के आधार पर महाभियोग लगाया जा सकता है। ✓

Q.32

निम्नांकित विषयों में से कौन सा संविधान की 11वीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं है ?

(A) महिला और बाल विकास

(B) सार्वजनिक वितरण प्रणाली

(C) परिवार कल्याण

(D) अग्निशमन सेवाएँ ✓

Q.33

निम्नांकित में से कौन सा अनुच्छेद राज्य को पिछड़े हुए नागरिकों के किसी वर्ग के पक्ष में, जिसका प्रतिनिधित्व राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में पर्याप्त नहीं है, नियुक्तियों या पदों के आरक्षण करने के लिये उपबन्ध करने की अनुमति प्रदान करता है ?

(A) अनुच्छेद 16(3)

(B) अनुच्छेद 16(4) ✓

(C) अनुच्छेद 16(4 क)

(D) अनुच्छेद 15(4)

Q.34

1990 के दशक में भारत द्वारा पड़ोसी देशों के लिये एकतरफा रियायतें देने को कहा गया.-

(A) पूर्व की ओर देखो नीति
(B) गुजराल सिद्धान्त ✓
(C) कृष्णा सिद्धान्त
(D) पश्चिम की ओर देखो नीति

Q.35

कौनसा कथन राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों के संदर्भ में सही नहीं है?

(A) ये सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायक हैं क्योंकि ये राज्य पर यह उत्तरदायित्व डालते हैं।
(B) इन्हें राज्य के अधिकारियों के लिए नैतिक उपदेश के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।
(C) इन्हें आयरलैंड के संविधान से लिया गया है।
(D) इन्हें लागू करना राज्य की कानूनी दायित्व है। ✓

Q.36

1962 के युद्ध के बाद किस भारतीय प्रधानमंत्री ने पहली बार चीन की यात्रा की ?

(A) लाल बहादुर शास्त्री
(B) इंदिरा गांधी
(C) राजीव गांधी ✓
(D) मोरारजी देसाई

Q.37

निम्नांकित में से कौन सा एक पंचशील का सिद्धान्त नहीं है ?

(A) एक दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता और सम्प्रभुता का परस्पर सम्मान
(B) अनाक्रमण
(C) अहस्तक्षेप
(D) अन्तर्राष्ट्रीय विवादों का मध्यस्थता द्वारा निपटारा ✓

Q.38

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में प्रथम बार निषेधाधिकार का प्रयोग किस संदर्भ में किया गया था ?

(A) सीरिया एवं लेबनान से विदेशी सेनाओं की वापसी ✓
(B) तिब्बत में चीनी दखल
(C) संयुक्त राष्ट्र में चीन की सदस्यता
(D) बर्लिन की नाकेबन्दी

Q.39

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में महत्त्वपूर्ण विषयों पर निर्णय के लिये नौ सदस्यों के वोट के साथ पाँच स्थायी सदस्यों के स्वीकारात्मक वोट भी होने चाहिये । इस नियम को क्या कहा जाता है ?

(A) महत्त्वपूर्ण विषय सुरक्षा
(B) महाशक्ति मतैक्य ✓
(C) लोचशील मतैक्य
(D) सशस्त्र सुरक्षा व्यवस्था

Q.40

न्यासिता परिषद् ने किस दिनांक से अपने कार्य स्थगित कर दिये हैं ?

(A) 10 दिसम्बर, 1996
(B) 1 नवम्बर, 1993
(C) 10 दिसम्बर, 1994
(D) 1 नवम्बर, 1994 ✓

Q.41

संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिवों को उनके कार्यकाल के कालानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिये :

A. ट्रिग्वे ली
B. डैग हैमरशोल्ड
C. यू थांट
D. कुर्त वाल्डहीम

(A) A, B, C, D ✓
(B) D, C, B, A
(C) C, D, B, A
(D) B, C, A, D

Q.42

निम्नांकित में से कौन सा कथन विश्व बैंक से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) विश्व बैंक की स्थापना 1944 में हुई ।
(B) विश्व बैंक का मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी. में स्थित है ।
(C) मूलतः यह विकसित देशों की सहायता के लिये स्थापित हुआ । ✓
(D) समय के क्रम में विश्व बैंक पुनर्निर्माण से विकास की ओर केन्द्रित हुआ ।

Q.43

एक क्रिकेट मैच का समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से अध्ययन करने के लिये निम्न पहलुओं में से किसे सम्मिलित किया जायेगा ?

(A) भौतिक परिस्थितियाँ
(B) लागत-लाभ
(C) अन्तःक्रिया प्रतिमान ✓
(D) प्रबन्धन आयाम

Q.44

निम्न में से कौन सा पथ एलेक्स इंकल्स ने 'व्हाट इज सोशियोलोजी' में नहीं बताया है ?

(A) ऐतिहासिक
(B) आनुभविक
(C) विश्लेषणात्मक
(D) संरचनात्मक ✓

Q.45

दुर्खीम के अनुसार समाजशास्त्र के तीन मुख्य भाग हैं, निम्न में से कौन सा इसका भाग नहीं है ?

(A) सामाजिक स्वरूपशास्त्र
(B) सामाजिक शरीरशास्त्र
(C) सामान्य समाजशास्त्र
(D) सामाजिक स्थैतिकी ✓

Q.46

'समाज सामाजिक सम्बन्धों का ताना-बाना है ।' यह कथन किसका है ?

(A) मैकाइवर ✓
(B) यूटर
(C) गिडिंग्स
(D) क्यूबूर

Q.47

निम्नलिखित में से कौन सा प्रदत्त प्रस्थिति के निर्धारण का आधार नहीं है ?

(A) लिंग भेद
(B) आयु भेद
(C) जन्म
(D) राजनीतिक सत्ता ✓

Q.48

निम्न में से कौन सी प्राथमिक समूह की विशेषता नहीं है ?

(A) शारीरिक सामीप्य
(B) छोटा आकार
(C) स्थिरता
(D) सीमित संचार ✓

Q.49

अगस्त कौंत ने सामाजिक परिवर्तन के तीन स्तरों का उल्लेख किया है । निम्न में से कौन सा उनमें से नहीं है ?

(A) आध्यात्मिक
(B) साधक ✓
(C) धार्मिक
(D) साक्ष्यवादी (प्रत्यक्ष)

Q.50

निम्न में से कौन सा कारक जाति व्यवस्था में परिवर्तन के लिए उत्तरदायी नहीं है ?

(A) पाश्चात्य शिक्षा
(B) आधुनिक आवागमन के साधनों का प्रभाव
(C) नवीन व्यवसायों का प्रभाव
(D) जजमानी संबंध ✓

Q.51

अवकाश – वर्ग का सिद्धान्त किसने दिया है ?

(A) टॉनी
(B) गिन्सबर्ग
(C) वैबलिन ✓
(D) पैरेटो

Q.52

प्रो. घुरिये के अनुसार वर्ण शब्द का अर्थ निम्न में से किससे संबंधित है ?

(A) रंग ✓
(B) जाति
(C) समूह
(D) विद्वता

Q.53

भारत में जाति के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है ?

(A) जाति में खुलापन है ।
(B) जाति संस्तरण का आधार आनुष्ठानिक है । ✓
(C) जाति बहिर्विवाही समूह है ।
(D) जाति की सदस्यता अर्जित की जाती है ।

Q.54

"निर्धनता का प्रमुख कारण पूँजीपतियों द्वारा श्रमिकों का शोषण है ।" यह कथन किसका है ?

(A) के. मार्क्स ✓
(B) इ. दुर्खीम
(C) आर. माल्थस
(D) आर. गिलिन

Q.55

टी.के. ओम्मन ने साम्प्रदायिकता के निम्न में से किस आयाम का उल्लेख नहीं किया है ?

(A) आत्मसात करने वाला
(B) कल्याणकारी
(C) अलगाववादी
(D) विशिष्टतावादी ✓

Q.56

कौन सी एक भारतीय समाज के लिए समकालीन सामाजिक समस्या नहीं है ?

(A) सांप्रदायिकता
(B) आतंकवाद
(C) प्रजातंत्रवाद ✓
(D) क्षेत्रवाद

Q.57

निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध जनसंख्या वृद्धि की समस्या से नहीं है ?

(A) एड्स की समस्या ✓
(B) खाद्यान्न की कमी
(C) आवास की कमी
(D) बेरोजगारी

Q.58

के.एम. कपाड़िया ने निम्न में से किसको हिन्दू विवाह का उद्देश्य नहीं माना है ?

(A) मोक्ष ✓
(B) प्रजा
(C) रति
(D) धर्म

Q.59

जब विवाह के पश्चात पति-पत्नी में से कोई भी एक दूसरे के घर निवास नहीं करते और स्वयं का नया घर बसाकर रहते हैं, तो ऐसे परिवार को कहते हैं -

(A) पितृस्थानीय
(B) उभयस्थानीय
(C) नव-स्थानीय ✓
(D) रक्त संबंधी

Q.60

भारतीय समाज में कितने पुरुषार्थ हैं ?

(A) दो
(B) चार ✓
(C) पाँच
(D) सात

Q.61

निम्न में से किस आश्रम में घर को त्याग कर जंगल में तपस्यामय जीवन व्यतीत करने की आशा की जाती है ?

(A) ब्रह्मचर्य
(B) वानप्रस्थ ✓
(C) संन्यास
(D) गृहस्थ

Q.62

'पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन इन अ टाइम ऑफ टर्ब्युलेन्स' पुस्तक के सम्पादक कौन थे ?

(A) ड्वाइट वाल्डो
(B) फ्रैंक मैरनी ✓
(C) रोबर्ट टी. गोल्मब्यूस्की
(D) विलियम एफ. विलोबी

Q.63

"लोक प्रशासन में वे सभी कार्य आ जाते हैं जिनका उद्देश्य लोक नीति को पूरा करना अथवा क्रियान्वित करना होता है ।" ये कथन किसका है ?

(A) वुडरो विल्सन
(B) एल.डी. व्हाइट ✓
(C) डब्ल्यू.एफ. विलोबी
(D) साइमन, स्मिथबर्ग एण्ड थॉमसन

Q.64

निम्नलिखित में से कौन सा नवीन लोक प्रशासन का उद्देश्य नहीं है ?

(A) मूल्य
(B) परिवर्तन
(C) नैतिकता ✓
(D) प्रासंगिकता

Q.65

निम्नलिखित में से कौन सी एक गतिविधि 'पोस्डकोर्ब' शब्द के अन्तर्गत नहीं आती है ?

(A) नीति बनाना ✓
(B) समन्वय करना
(C) निर्देश देना
(D) रिपोर्ट बनाना

Q.66

निम्नलिखित में से कौन सी एक पुस्तक एफ.डब्ल्यू. टेलर से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) शॉप मैनेजमेंट
(B) प्रिंसिपल्स ऑफ साइंटिफिक मैनेजमेंट
(C) जनरल प्रिंसिपल्स ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन ✓
(D) द आर्ट ऑफ कटिंग मेटल्स

Q.67

निम्नांकित में से किसे व्यवहारवाद का जनक माना जाता है ?

(A) डेविड ईस्टन ✓
(B) चेस्टर बर्नार्ड
(C) हर्बर्ट साइमन
(D) रॉबर्ट प्रेस्थस

Q.68

निम्नलिखित चिंतकों में से किस एक ने संगठन में 'गैंग प्लांक' की धारणा का विकास किया ?

(A) लूथर गुलिक
(B) लिन्डल उर्विक
(C) हर्बर्ट साइमन
(D) हेनरी फेयोल ✓

Q.69

निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन सी एक हर्बर्ट साइमन द्वारा वर्णित निर्णय-निर्माण प्रक्रिया की गतिविधि नहीं है ?

(A) आसूचना
(B) प्रारूप
(C) चयन
(D) फीडबैक (प्रतिक्रिया) ✓

Q.70

निम्न में से कौन सा एक मैरी पार्कर फोलेट द्वारा सुझाए गए नेतृत्व का प्रकार नहीं है ?

(A) पद से नेतृत्व ✓
(B) व्यक्तित्व से नेतृत्व
(C) ज्ञान से नेतृत्व
(D) कार्य से नेतृत्व

Q.71

निम्न में से कौन सा सम्प्रेषण प्रक्रिया का सही अनुक्रम है ?

(A) सम्प्रेषक, माध्यम, संदेश, संवाद प्राप्तकर्ता, प्रतिक्रिया
(B) संदेश, माध्यम, सम्प्रेषक, संवाद प्राप्तकर्ता, प्रतिक्रिया
(C) सम्प्रेषक, संदेश, माध्यम, संवाद प्राप्तकर्ता, प्रतिक्रिया ✓
(D) सम्प्रेषक, संदेश, संवाद प्राप्तकर्ता, माध्यम, प्रतिक्रिया

Q.72

निम्न में से कौन सा एक फ्रेडरिक हर्जबर्ग के दिए गए प्रेरक तत्वों में शामिल नहीं है ?

(A) पहचान/सम्मान
(B) बोनस ✓
(C) कार्य वातावरण
(D) उपलब्धि

Q.73

निम्न में से कौन सी सिफारिश भारत के प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा नहीं की गई थी ?

(A) मंत्रिपरिषद में अधिकतम 45 सदस्य हों। ✓
(B) उपमंत्री का पद समाप्त किया जाए।
(C) कार्मिक विभाग स्थापित किया जाए।
(D) सभी महत्त्वपूर्ण निर्णय लिखित में किए जाए।

Q.74

भारत के द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की कौन सी रिपोर्ट का शीर्षक 'नागरिक-केन्द्रित प्रशासन' था

(A) 12वीं ✓
(B) 13वीं
(C) 14वीं
(D) 15वीं

Q.75

भारत के द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष का नाम क्या था?

(A) डी. सुब्बाराव
(B) सी. रंगराजन
(C) आई.जी. पटेल
(D) एम. वीरप्पा मोइली ✓

Q.76

भारत में द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग किस वर्ष गठित किया गया था ?

(A) 2003
(B) 2004
(C) 2005 ✓
(D) 2006

Q.77

भारत में लोकायुक्त संस्था को स्थापित करने वाला प्रथम राज्य कौन सा था ?

(A) बिहार
(B) उत्तर प्रदेश
(C) आंध्र प्रदेश
(D) महाराष्ट्र ✓

Q.78

लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के अनुसार लोकपाल संस्थान में कितने सदस्य होंगे?

(A) पाँच
(B) सात
(C) आठ ✓
(D) दस

Q.79

भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम को कब अधिनियमित किया गया था ?

(A) 01 जनवरी, 2005
(B) 10 अप्रैल, 2005
(C) 15 जून, 2005 ✓
(D) 18 जुलाई, 2005

Q.80

वेदों को कहा जाता है :

(A) श्रुति ✓
(B) स्मृति
(C) जातक
(D) त्रिपिटक

Q.81

वेदों का भाग नहीं माने गये हैं

(A) मन्त्र
(B) ब्राह्मण
(C) आरण्यक
(D) धर्म-सूत्र ✓

Q.82

'तत् त्वम असि' का अभिप्राय है

(A) 'आत्मा एक जड़ द्रव्य है'।
(B) आत्मा और ब्रह्म में अभेद है। ✓
(C) आत्मा अन्ततोगत्वा असत् है।
(D) कुछ भी स्वतः सत्तामान नहीं है।

Q.83

भगवद्गीता का नीतिशास्त्र मूलतः है :

(A) परिणामनिरपेक्षवादी ✓
(B) सुखवादी
(C) प्रयोजनवादी
(D) उपयोगितावादी

Q.84

भगवद्गीता सम्मत आदर्श है

(A) अर्हंत
(B) स्थितप्रज्ञ ✓
(C) बोधिसत्त्व
(D) तीर्थंकर

Q.85

जैन स्यादवाद सिद्धान्त के अनुसार

(A) साधारण निर्णय अपूर्ण होते हैं और वस्तु का पक्ष विशेष ही प्रस्तुत करते हैं। ✓
(B) साधारण निर्णय सत्य से नितांत रहित होते हैं।
(C) साधारण निर्णय संशयवाद अभिव्यक्त करते हैं।
(D) ज्ञान संभव नहीं है।

Q.86

जैन दर्शन के अनुसार, 'निर्जरा' है

(A) कर्मों का जीव की ओर आकर्षण
(B) कर्मों का जीव से आबद्ध होना
(C) कर्मों के जीव की ओर अन्तर्वाह का अवरुद्ध होना
(D) जीव से आबद्ध कर्मों का नष्ट होना ✓

Q.87

बौद्ध दर्शन के चार आर्य सत्यों में सम्मिलित नहीं है

(A) सर्वं दुःख ।
(B) दुःख अकारण है । ✓
(C) दुःख निरोध सम्भव है ।
(D) दुःख निरोध का मार्ग है ।

Q.88

गान्धी द्वारा रचित 'हिन्द स्वराज' है

(A) उनकी आत्मकथा

(B) समाचार-पत्रों में लिखे गए लेखों का संकलन

(C) उनके सामाजिक-राजनीतिक विचारों की प्रस्तुति ✓

(D) 1947 तक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का ब्यौरा

Q.89

गान्धी का विश्वास था

(A) किसी भी प्रकार के साधनों से साध्य की प्राप्ति में

(B) साध्य और साधनों की पवित्रता में ✓

(C) अहिंसा में जब तक कि दमनकर्ता हिंसा का प्रयोग न करें

(D) अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुख में

Q.90

सुकरात के अनुसार

(A) सद्गुण की प्राप्ति असंभव है ।

(B) सद्गुण जन्म से ही माता-पिता से उत्तराधिकार रूप में प्राप्त होता है ।

(C) सद्गुण सापेक्षिक और परिवर्तनीय होता है ।

(D) ज्ञान सद्गुण है । ✓

Q.91

सुकरात के नीतिशास्त्र का उपयुक्ततम लक्षण है

(A) परिणामनिरपेक्ष नीतिशास्त्र

(B) प्रयोजनवादी नीतिशास्त्र

(C) परिणामसापेक्ष नीतिशास्त्र

(D) सद्गुण नीतिशास्त्र ✓

Q.92

देकार्त के अनुसार, 'अन्तर-क्रियावाद' व्याख्या करता है

(A) ईश्वर और मनुष्य के सम्बन्ध की

(B) ईश्वर और जगत के सम्बन्ध की

(C) पुरुष और स्त्री के सम्बन्ध की

(D) मानस और शरीर के सम्बन्ध की ✓

Q.93

स्वार्थमूलक सुखवाद के अनुसार

(A) कर्तव्य के लिए कर्तव्य ही नैतिकता है।

(B) सुख ही नैतिकता का मानदण्ड है। ✓

(C) अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख ही नैतिक सिद्धान्त है।

(D) केवल शुभ संकल्प ही निरपेक्ष रूप से शुभ है।

Q.94

काण्ट के अनुसार नैतिक नियम है

(A) संवेग और भावना आधारित
(B) संदर्भ और स्थान के अनुकूल परिवर्तनीय
(C) एक निरपेक्ष आदेश ✓
(D) उच्चतर साध्यों हेतु साधन

Q.95

काण्ट बल नहीं देता है

(A) कर्तव्य पर
(B) नैतिक नियम पर
(C) कर्ता की स्वतंत्रता पर
(D) कर्मों के परिणाम पर ✓

Q.96

दण्ड का वह सिद्धान्त जिसके अनुसार अपराधी को दण्ड उसके स्वयं के भले के लिए दिया जाता है

(A) दण्ड का प्रतिशोधात्मक सिद्धान्त
(B) दण्ड का निवारक सिद्धान्त
(C) दण्ड का सुधारात्मक सिद्धान्त ✓
(D) दण्ड का निरोधक सिद्धान्त

Q.97

सामाजिक विज्ञान के संप्रत्यय के संदर्भ में निम्न में से कौन सा गुण सम्मिलित नहीं किया गया है?

(A) मानवीय सम्बन्धों के साथ व्यवहार करना
(B) समकालीन समाज का अध्ययन
(C) समाज की भविष्य की समस्याओं का अध्ययन ✓
(D) जीने की कला से व्यवहार करना

Q.98

ब्लूम के शैक्षिक उद्देश्यों के वर्गीकरण के अनुसार संज्ञानात्मक पक्ष की श्रेणियों का पदानुक्रम है-

(A) अवबोध - ज्ञान - अनुप्रयोग - संश्लेषण - विश्लेषण - मूल्यांकन
(B) अवबोध - अनुप्रयोग - ज्ञान - संश्लेषण - विश्लेषण - मूल्यांकन
(C) ज्ञान - अवबोध - अनुप्रयोग - संश्लेषण - विश्लेषण - मूल्यांकन
(D) ज्ञान - अवबोध -अनुप्रयोग - विश्लेषण - संश्लेषण - मूल्यांकन ✓

Q.99

नागरिक-शास्त्र इतिहास के साथ निम्नलिखित में से किस प्रकार के सह-सम्बन्ध दर्शाता है?

(A) लम्बवत् (शीर्षात्मक) सह-संबंध
(B) अनुप्रस्थीय सह-संबंध ✓
(C) शून्य सह-संबंध
(D) सह-लम्बवत् सह-संबंध

Q.100

अन्य विद्यालयी विषयों के साथ सामाजिक विज्ञान के सहसम्बन्ध का लाभ है :

(A) विभिन्न विषयों में समन्वय स्थापित करता है ।
(B) छात्रों में विषय के प्रति रुचि विकसित करता है ।
(C) पाठ्यचर्या के भार को बढ़ाना ।
(D) छात्रों में सामाजिक गुणों का विकास करता है ।

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिये :

कूट :

(A) (A) तथा (C) सही हैं ।
(B) (B), (C) तथा (D) सही हैं ।
(C) (A), (B) तथा (C) सही हैं ।
(D) (A), (B) तथा (D) सही हैं । ✓

Q.101

प्रायोजना विधि को विकसित किया है-

(A) जॉन किलपेट्रिक
(B) विलियम डब्ल्यू.एच. किलपैट्रिक ✓
(C) डेविड ए. किलपैट्रिक
(D) राबर्ट बेलार्ड जॉन ड्यूवी

Q.102

निम्नलिखित में से कौन सी शिक्षण विधि सामाजिक विज्ञान के अधिगमकर्ताओं में मानसिक योग्यता एवं वैज्ञानिक अभिवृत्ति का विकास करने में सहायक है?

(A) व्याख्यान विधि
(B) समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि
(C) कहानी कथन विधि
(D) समस्या समाधान विधि ✓

Q.103

अधिगमकर्ता में उच्च संज्ञानात्मक योग्यताओं जैसे विमर्शी चिन्तन, सृजनात्मक कल्पना और समस्या समाधान का विकास करने वाली शिक्षण पद्धति है

(A) सामाजिक अभिव्यक्ति
(B) क्षेत्रभ्रमण
(C) भूमिका निर्वाह
(D) मस्तिष्क उद्वेलन ✓

Q.104

निम्नलिखित में से कौन सी शिक्षण सामग्री अपनी प्रकृति में श्रव्य एवं दृश्य दोनों है ?

(A) श्यामपट्ट
(B) टेप रिकॉर्डर
(C) दूरदर्शन ✓
(D) पत्रिका चित्र

Q.105

एडगर डेल के अनुसार 'अनुभव शंकु' का आधार दर्शाता है :

(A) दृश्य प्रतीकों को
(B) शाब्दिक प्रतीकों को
(C) प्रत्यक्ष एवं प्रयोजनशील अनुभवों को ✓
(D) नाट्य भागीदारी को

Q.106

जब वास्तविक वस्तु का उसके विस्तृत आकार की वजह से कक्षा में उपयोग संभव नहीं हो तब कौन सी शिक्षण सामग्री उस वस्तु के स्थान पर सर्वाधिक उपयोगी होगी?

(A) चार्ट
(B) प्रतिमान (मॉडल) ✓
(C) बुलेटिन बोर्ड
(D) फोटो

Q.107

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (प्रारूप) 2005 के अनुसार सामाजिक विज्ञान का शिक्षक कक्षा में ... की तरह कार्य करता है-

(A) सुगमकर्ता ✓
(B) तानाशाह
(C) वाचक
(D) मित्र

Q.108

सी.वी. गुड के अनुसार, निम्न में से कौन सा पाठ्यक्रम का प्रकार नहीं है?

(A) दक्षता केन्द्रित पाठ्यक्रम ✓
(B) विषय केन्द्रित पाठ्यक्रम
(C) अनुभव केन्द्रित पाठ्यक्रम
(D) सहसम्बन्धित पाठ्यक्रम

Q.109

निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या निर्माण का सिद्धान्त नहीं है-

(A) अभिप्रेरणा का सिद्धान्त
(B) लचीलेपन का सिद्धान्त
(C) सामुदायिक जीवन के सम्बन्ध का सिद्धान्त
(D) पृथकता का सिद्धान्त ✓

Q.110

निम्नलिखित विकल्पों में से पाठयोजना के हर्बर्टियन उपागम के उपयुक्त तार्किक अनुक्रम का चयन कीजिये :

(A) प्रस्तुतीकरण - संबंध - सामान्यीकरण - अनुप्रयोग - प्रस्तावना
(B) प्रस्तावना - संबंध - प्रस्तुतीकरण - सामान्यीकरण - अनुप्रयोग
(C) प्रस्तावना - प्रस्तुतीकरण - संबंध - सामान्यीकरण - अनुप्रयोग ✓
(D) सामान्यीकरण - संबंध - प्रस्तुतीकरण - अनुप्रयोग - प्रस्तावना

Q.111

निम्नलिखित में से कौन सी शिक्षक द्वारा कक्षा में वास्तविक कार्य की योजना है ?

(A) मासिक योजना
(B) वार्षिक योजना
(C) पाठ योजना ✓
(D) विद्यालय योजना

Q.112

मॉरीसन द्वारा दिये गये इकाई उपागम में निम्नलिखित में से कौन सा चरण (पद) सम्मिलित नहीं है ?

(A) अन्वेषण (खोज)
(B) प्रस्तुतीकरण
(C) संगठन
(D) विशिष्टीकरण ✓

Q.113

संरचनात्मक मूल्यांकन कब किया जाता है ?

(A) नई इकाई को पढ़ाने से पहले
(B) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान ✓
(C) एक कार्यक्रम के पूर्ण होने पर
(D) शैक्षणिक सत्र के अन्त में

Q.114

निम्न में से कौन सी अच्छे परीक्षण की विशेषता नहीं है ?

(A) विश्वसनीयता
(B) वैधता
(C) विभेदीकरण
(D) विषयनिष्ठता (व्यक्तिनिष्ठता) ✓

Q.115

निम्न में से कौन सी निबन्धात्मक प्रकार के परीक्षण की सीमा है?

(A) अंकन की व्यक्तिनिष्ठता ✓
(B) निर्माण में आसानी
(C) अभिव्यक्ति का आंकलन
(D) विचार एवं कल्पना का मूल्यांकन

Q.116

सामाजिक विज्ञान में निम्नलिखित में से कौन से प्रकार के परीक्षण में छात्रों के आलोचनात्मक एवं स्वतन्त्र चिन्तन के मूल्यांकन के ज्यादा अवसर होते हैं?

(A) बहुविकल्प प्रकार
(B) चयन प्रकार
(C) वस्तुनिष्ठ प्रकार
(D) निबंधात्मक प्रकार ✓

Q.117

सारगोन युगीन सुमेरियन अभिलेखों में सैन्यव सभ्यता के लिए निम्न में से कौन सा शब्द प्रयुक्त हुआ है ?

(A) दिलमुन
(B) मगन
(C) निप्पुर
(D) मेलुहा ✓

Q.118

ऋग्वैदिक काल में कौनसा देवता युद्ध का देवता कहा गया है?

(A) रुद्र
(B) विष्णु
(C) अग्नि
(D) इन्द्र ✓

Q.119

कार्य-कारणवाद की बौद्ध अवधारणा कहलाती है

(A) प्रतीत्य समुत्पाद ✓
(B) आष्टांगिक मार्ग
(C) आर्य सत्य
(D) अनात्मवाद

Q.120

मौर्य प्रशासन में निम्नलिखित में से कौन सा अधिकारी भूमि की माप और उनकी सीमाओं का निर्धारण करने के लिए उत्तरदायी था ?

(A) युक्त
(B) रज्जुक ✓
(C) प्रादेशिक
(D) ग्रामिक

Q.121

निम्नलिखित में से कौन सा चैत्य सबसे विशाल है?

(A) कार्ले ✓
(B) कन्हेरी
(C) भाजा
(D) भेडसे

Q.122

निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :
(अ) कुछ गुप्त शासक भगवान शिव के उपासक थे ।
(ब) मन्दिरों में मूर्तिपूजा गुप्तकाल से हिन्दू धर्म की सामान्य विशेषता बन गई ।
(स) गुप्त राजाओं ने विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के प्रति सहिष्णुता की नीति का पालन किया ।

(A) सभी सत्य हैं । ✓
(B) (अ) असत्य है; (ब), (स) सत्य हैं ।
(C) (अ), (ब) असत्य हैं; (स) सत्य है ।
(D) सभी असत्य हैं ।

Q.123

वराहमिहिर की बृहत् संहिता की रचना हुई थी -

(A) पाँचवीं शताब्दी में
(B) छठी शताब्दी में ✓
(C) तीसरी शताब्दी ई.पू. में
(D) प्रथम शताब्दी ई.पू. में

Q.124

कौनसा संत पुष्टिमार्ग का संस्थापक था-

(A) वल्लभाचार्य ✓
(B) शंकर देव
(C) रामानुजाचार्य
(D) रामानंद

Q.125

"कस्फ-अल-महजूब" पुस्तक का लेखक कौन था ?

(A) अल हुजविरी ✓
(B) अमीर खुसरो
(C) जियाउद्दीन बरनी
(D) मलिक मुहम्मद

Q.126

मुगल शासक अकबर के समय निर्मित प्रथम इमारत निम्न में से कौनसी है?

(A) हुमायूँ का मकबरा ✓
(B) इलाहाबाद का किला
(C) जोधाबाई का महल
(D) पंच महल

Q.127

शिवाजी ने निम्नलिखित में से किस मराठा प्रमुख से जावली पर विजय प्राप्त की ?

(A) संताजी घोरपड़े
(B) धनाजी जाधव
(C) चन्द्र राव मोरे ✓
(D) मेलगिरी पण्डित

Q.128

1857 की क्रान्ति के दौरान जगदीशपुर में कुँवर सिंह की मृत्यु के उपरान्त विद्रोहियों का नेतृत्व किसने किया ?

(A) चक्रधारी सिंह
(B) अर्जुन सिंह
(C) मनीराम दत्त
(D) अमर सिंह ✓

Q.129

1890 ई. में कलकत्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के छठवें अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की ?

(A) सर विलियम वैडरबर्न
(B) फिरोजशाह मेहता ✓
(C) जॉर्ज यूल
(D) दादाभाई नौरोजी

Q.130

1917 ई. में मॉण्टेग्यू की ऐतिहासिक घोषणा के बाद होमरूल आन्दोलन को किसने समाप्त किया?

(A) एनी बेसेन्ट ने ✓
(B) बाल गंगाधर तिलक ने
(C) एनी बेसेन्ट तथा बाल गंगाधर तिलक दोनों ने
(D) जोसफ बेपटिस्टा ने

Q.131

असहयोग के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सितम्बर 1920 ई. में आयोजित कांग्रेस के विशेष सत्र की अध्यक्षता किसने की थी?

(A) लाला लाजपत राय ने ✓
(B) विपिनचन्द्र पाल ने
(C) मोतीलाल नेहरू ने
(D) विजयाराघवाचारी ने

Q.132

सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान धरासना सत्याग्रह का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया?

(A) एनी बेसेन्ट
(B) सरोजिनी नायडू ✓
(C) सरदार पटेल
(D) मोती लाल नेहरू

Q.133

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान स्थापित ताम्रलिप्त जातीय सरकार का नेता कौन था ?

(A) के.सी. नियोगी
(B) चैतू हरिजन
(C) ज़ियाउद्दीन अहमद
(D) सतीश चंद्र सामंता ✓

Q.134

अमेरिकी स्वतन्त्रता संग्राम में जनरल वॉशिंगटन को 'महाद्वीपीय सेना' का कमाण्डर किसने नियुक्त किया ?

(A) प्रथम महाद्वीपीय कांग्रेस ने
(B) द्वितीय महाद्वीपीय कांग्रेस ने ✓
(C) महाद्वीपीय सेना ने
(D) तृतीय महाद्वीपीय कांग्रेस ने

Q.135

फ्रांस की राष्ट्रीय सभा ने किसके प्रस्ताव पर मानव अधिकार घोषणा-पत्र जारी किया ?

(A) मिराबो
(B) ओबेईस
(C) लफायत ✓
(D) बेली

Q.136

शीत अयनांत को 90° दक्षिण अक्षांश पर सूर्य की किरणों का आपतन कोण क्या होगा ?

(A) 0°
(B) 47°
(C) $66^\circ 30'$
(D) $23^\circ 30'$ ✓

Q.137

क्रोर-मेण्टल सीमा के साथ मेल खाता है

(A) संक्रमण असंतता
(B) लेहमान असंतता
(C) गुटेनबर्ग असंतता ✓
(D) मोहोरोंविक असंतता

Q.138

निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?

(A) अटलांटिक चौड़ा हो रहा है।
(B) प्रशांत सिकुड़ रहा है।
(C) चुम्बकीय उत्तर ध्रुव अपनी जगह पर स्थिर नहीं है।
(D) लाल सागर धीमी गति से सिकुड़ रहा है। ✓

Q.139

दक्कन ट्रैप क्षेत्र किसके कारण बना था ?

(A) ज्वालामुखी के दरारी उद्भेदन से ✓
(B) केन्द्रीय उद्गार से
(C) बिसुविसियन प्रकार के उद्गार से
(D) पिलियन प्रकार के ज्वालामुखी उद्गार से

Q.140

सममण्डल में अधिकांशतः शामिल है-

(A) बर्हिमण्डल, तापमण्डल, आयनमण्डल
(B) क्षोभमण्डल, समतामण्डल, आयनमण्डल
(C) क्षोभमण्डल, तापमण्डल, आयनमण्डल
(D) समतापमण्डल, मध्यमण्डल, क्षोभमण्डल ✓

Q.141

पृथ्वी की सतह पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कितनी सौर ऊर्जा पहुँचती है ?

(A) 42%
(B) 51% ✓
(C) 65%
(D) 35%

Q.142

निम्नलिखित में से वर्षण के अंतर्गत कौन सा आता है ? नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) फुहार
(B) हिमवर्षा
(C) वर्षा
(D) तुहिन

कूट :

(A) केवल (B) तथा (C)
(B) केवल (A), (B) तथा (C)
(C) (A), (B), (C) तथा (D) ✓
(D) केवल (A) तथा (C)

Q.143

निम्नलिखित में से ठंडी जलधारा कौन सी है ?

(A) ब्राजील जलधारा
(B) लेब्राडोर जलधारा ✓
(C) एंटीलीज जलधारा
(D) मोजाम्बिक जलधारा

Q.144

निम्नलिखित में से कौन सी प्रवाल भित्ति आकार में सबसे लम्बी और चौड़ी होती है ?

(A) फैरॉस
(B) तटीय प्रवाल भित्ति
(C) प्रवाल द्वीपवलय/एटॉल
(D) अवरोधक प्रवाल भित्ति ✓

Q.145

निम्नलिखित में से कौन सा दक्षिण से उत्तर की ओर सही क्रम में व्यवस्थित है ?

(A) नीलगिरी, इलायची की पहाड़ियाँ, अन्नामलाई, पालघाट
(B) अन्नामलाई, इलायची की पहाड़ियाँ, पालघाट, नीलगिरी
(C) इलायची की पहाड़ियाँ, अन्नामलाई, पालघाट, नीलगिरी ✓
(D) इलायची की पहाड़ियाँ, अन्नामलाई, नीलगिरी, पालघाट

Q.146

किसी क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून से अधिकतम वर्षा प्राप्त की जाती है?

(A) मालवा प्रदेश
(B) थार मरूस्थल
(C) कच्च का रण
(D) पश्चिमी घाट ✓

Q.147

प्रसिद्ध गरसोप्पा जलप्रपात किस नदी द्वारा बनाया जाता है?

(A) शरावती ✓
(B) काली नदी
(C) भद्रा
(D) वैतरणा

Q.148

निम्नलिखित में से कौनसी मृदा लौह ऑक्साइट तथा एल्युमिनियम यौगिकों से समृद्ध होती है किन्तु भारी विक्षालन के कारण इसमें चूने और सिलिका की कमी होती है?

(A) पीट मृदा
(B) लाल मृदा
(C) लैटेराइट मृदा ✓
(D) शुष्क मृदा

Q.149

निम्नलिखित में से कौनसा सूती वस्त्र केन्द्र 'उत्तरप्रदेश का मेनचेस्टर' के नाम से जाना जाता है?

(A) कानपुर ✓
(B) भोदीनगर
(C) आगरा
(D) लखनऊ

Q.150

मालखेत की पहाड़ियाँ अवस्थित हैं

(A) जालौर में
(B) अलवर में
(C) झुन्झुनूं में
(D) सीकर में ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in